कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.11.2025

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## युवा उत्सव
## गर्ल्स कॉलेज में ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव दिनांक 11.11.2025 को ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा 12.11.2025 को क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रथम दिवस में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्र–छात्राओं को कला की ऐसी गतिविधि करने में और बढ़–चढ़ कर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

द्वितीय दिवस में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने अलग–अलग महाविद्यालय से आए प्रतिभागियों की कला क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग का अवलोकन किया एवं सराहना की।

ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में कुल 17 महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया, कोलाज मेकिंग में 10 महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने, पोस्टर मेकिंग में 21, क्ले मॉडलिंग में 6, कार्टूनिंग में 9 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया।

ऑन द स्पॉट पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विषय राष्ट्रीय गीत 'वन्देमारतम्' की केन्द्रीय भावना पर प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट चित्र बनाए एवं कोलाज मेकिंग में 'प्रकृति' विषय पर अपनी भावनाओं को पेपर कटिंग्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में 'मेहनतकश मजदूर' विषय पर बहुत ही कलात्मक एवं जीवंत मिट्टी की कलाकृतियों का निर्माण किया, जिसे महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा अत्यंत सराहना मिली। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में 'मद्यपान के प्रभाव' विषय पर प्रतिभागियों ने सुन्दर कार्टून चित्रित किये जो विषयानुकूल और प्रभावोत्पादक थे।

पर्यवेक्षक के रुप में विश्वविद्यालय से श्री आर. के. चौहान उपस्थित थे, निर्णायक के रुप में श्री मोहन लाल बराल डी.पी.एस. दुर्ग एवं श्री संजय कुमार देव उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मिलिन्द अमृतफले, विभागाध्यक्ष संगीत विभाग के निर्देशानुसार तृप्ति खरे–अतिथि शिक्षण सहायक, मूर्तिकला विभाग एवं रोशनी साहू–अतिथि शिक्षण सहायक, चित्रकला विभाग ने सफलता पूर्वक प्रतियोगिता का आयोजन किया तथा श्री दीपक ठाकुर, कु. सृष्टि मन्ना, कु. प्रियंका बारला, कु. रश्मि नवरंगे ने बहुत महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाया।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : 13.11.2025

# //प्रेस विज्ञप्ति//

# युवा उत्सव

# गर्ल्स कॉलेज में ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता














